हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 12 मई 2026


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री


10 अपनी बेटियों को समय पर एचपीवी वैक्सीन...



10 सकीना ने प्रथम, पूर्वा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया




## खबर संक्षेप

### बेटे को बचाने गई महिला पर हमला

**जींद।** भूपेंद्र नगर में बेटे को छुड़ाने पहुंची महिला पर पड़ोसियों ने हमला घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भूपेंद्र नगर निवासी गीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोनू परिवार उनसे रंजिश रखे हुए है। उसका बेटा घर आ रहा था। रास्ते में सोनू ने उसके बेटे की गर्दन पकड़ ली और मारपीट करने लगे। जब वह बेटे को छुड़वाने पहुची तो आरोपित के परिजनों ने उस पर लाठियों-डंडों से हमला कर दिया।

### कैथलः सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**कैथल।** गांव बरोट में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। वह छोटे भाई के साथ बाइक से कैथल से गांव वापस लौट रहा था। ढांड पुलिस को दी शिकायत में सतपाल ने बताया कि उसका भाई रमेश कुमार (54) कई दिनों से बीमार था और इलाज के लिए दोनों कैथल आए थे। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे दवा लेकर वापस लौटते समय बरोट डेरा बाबा कुटिया के पास कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर गया, जबकि पीछे बैठे रमेश कुमार उछलकर पास खड़े बिजली के खंभे से जा टकराए।

### प्लाट में मिट्टी डालने पर विवाद, तीन नामजद

**जींद।** खाली प्लाट में मिट्टी डालने से खफा पड़ोसी ने परिवार के साथ मिल हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्राइवेट लोको कालोनी निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मकान में सबमर्सिबल लगगवा रहा था। बोर के दौरान निकली मिट्टी को वह पड़ोसी विजय के प्लाट में डाल दी। जिससे खफा होकर विजय परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### कमरे का ताला तोड़कर बैट्री चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव डाहौला खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर चोरों ने दो बटरियों को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव डाहौला निवासी जगपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में कमरा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर दो बैटरियों तथा अन्य समान को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव बेलरखां से शहर के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बेलरखां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो मई को उसकी बेटी घर स्कूटी लेकर सामान लेने के लिए नरवाना गई थी। जिसके बाद उसकी बेटी वापस नही लौटी। तलाशने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 470 बोतल अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने 470 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी को काबू किया है। सीआईए स्टाफ जींद के ईचांर्ज निरीक्षक अनुप सिंह ने बताया कि उनकी एक टीम मुख्य सिपाही अनुप सिंह के नेतृत्व में पटियाला चौक पर गश्त कर रही थी। सूचना मिली कि विश्वकर्मा कालोनी निवासी मुकेश अवैध शराब बेचने का काम करता है। जो ईक्कस वाले ठेके से काफी मात्रा में अवैध शराब लेकर ई रिक्शा पर बेचने के लिए शहर जींद के लिए निकला है।

# रेस्ट हाउस की दीवार तोड़कर पलटी बस, मची यात्रियों की चीख पुकार

## किलोमीटर स्कीम की बस हादसे का शिकार, पंचकूला से जा रही थी हिसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंचकूला से हिसार जा रही किलोमीटर स्कीम की बस सोमवार दोपहर को नरवाना को हरियल चौक पर अनियत्रित हो कर डिवाइडर पार रेस्ट हाउस की दिवार तोड़ कर पलट गई। जिसमें चालक समेत लगभग 35 यात्री घायल हो गए। जिसमें चालक समेत आठ यात्रियो को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गनीमत यह रही कि किसी यात्री को गंभीर चोट नही आई है। हादसा स्कूटी सवार व्यक्ति को बचाने के फेर में हुआ। शहर थाना नरवाना पुलिस मामले की जाच कर रही है। पंचकूला डिपो की किलोमीटर स्कीम की बस सोमवार को हिसार के लिए रवाना हुई थी। जब बस नरवाना के हरियल चौक पर बस अड्डे की तरफ जा रही थी तो आगे अचानक स्कूटी सवार आ गया। जिसको बचाने के फेर में चालक ने कट मारा तो बस अनियंत्रित हो कर डिवाइडर को पार करते हुए रेस्ट हाउस की दीवार को तोड़ते हुए पलट गई। जिसके बाद चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने के साथ डीएसपी कमलदीप राणा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुच गए और आसपास के लोगों के सहयोग से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया। गनीमत यह रही किसी यात्री की जान नही गई। घटना के दौरान बस मे 35 यात्री सवार थे। जिसमें सभी यात्रियो को चोटें आई लेकिन गंभीर रूप से कोई यात्री घायल नही हुआ। जो आठ यात्री अस्पताल मे भरती हुए उनमें बस चालक गांव सुलेहड़ा निवासी अनिल, गांव काकडौद निवासी बाला, भाणा निवासी संजय, लाडवा निवासी प्रिंस, नरवाना निवासी कमलेश, राजेंद्र, हिसार निवासी आर्यन, चुरू राजस्थान निवासी अविनाश शामिल है। प्रिंस को जिला मुख्यालय अस्पताल रैफर किया गया है।



जींद। हादसे में पलटी बस को क्रेन की सहायता से उठाते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिस समय बस पलटी तो जोरदार धमका भी हुआ। यात्रियों ने बचाव में चिल्लाना शुरू कर दिया। बस को पलटते ही राहगीरों ने तत्काल बचाव अभियान शुरू कर दिया। उसी दौरान पुलिस तथा एंबुलेंस भी मौके पर पहुंच गई और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में यात्रियों को चोटे तो आई लेकिन गंभीर हालात का यात्री न मिलने पर बचाव में लगे लोगों तथा अमले ने राहत की सांस ली। हादसे के कारण जींद-पटियाला नेशनल हाइवे की एक साइड बाधित हो गई। पुलिस ने मौके पर दो क्रेनों को बुला कर बस को उठाया। जिसके बाद यातायात बहाल हुआ।

### फिलहाल मामले की जांच की जा रही

शहर थाना नरवाना प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि सूचना के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। डीएसपी कमलदीप राणा मौके पर बने रहे। उन्होंने अस्पताल पहुंच कर घायल यात्रियों को हालचाल जाना। गंभीर चोट किसी यात्री को नही आई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### अचानक स्कूटी सवार बस के आगे आया

बस के परिचालक दिनेश कुमार ने बताया कि बस नरवाना बस अड्डे की तरफ जा रही थी। हरियल चौक पर अचानक स्कूटी सवार बस के आगे आ गया। उसे बचाने के फेर में चालक अनिल ने कट मारा। जिसके बस डिवाडर पार कर रेस्ट हाउस की दीवार से टकरा कर पलट गई। उस दौरान बस में 35 यात्री थे। किसी भी यात्री को ज्यादा गंभीर चोट नही आई।



कैथल। सफाई कर्मचारी सड़क पर कूड़े को गिरता हुए। फोटो :हरिभूमि

## सोमवार को लगातार 11वें दिन भी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर कचरे के ढेर में तबदील

## कर्मचारियों ने 14 तक बढ़ाई हड़ताल कूड़ा बिखेर कर किया विरोध प्रदर्शन

- चेयरपर्सन की कोठी, उधम सिंह चौक पूर्व विधायक के घर के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर सोमवार को भी नगर पालिका चीका के कर्मचारियों की हड़ताल 11वें दिन जारी रही। कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक वरिष्ठ उपप्रधान चिंतो देवी ने की, जबकि संचालन सह सचिव सागर कुमार ने किया। हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने आंदोलन को तेज करते हुए शहर में अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली ट्रॉलियों में कचरे से भरी ट्राली लेकर कर्मचारियों ने चेयरपर्सन की कोठी, उधम सिंह चौक,गुहला रोड पर कूड़ा बिखेर कर विरोध जताया। पूर्व विधायक कुलवंत राम बाजीगर के निवास पर भी वि विरोध प्रदर्शन किया कर्मचारियों ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन की वरिष्ठ उपप्रधान चिंतो देवी ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण नीति अपना रही है।

### ये रहे मौजूद


इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान पवन शर्मा, सचिव संदीप कुमार, बिजली बोर्ड यूनियन नेता बलविंदर सीडा, फायर यूनियन ब्लॉक प्रधान अमर सिंह, मलकीत, गुरदीप, सुदेश, रानी, पालो, कुसुम, गोपाल, बलजीत, रामनिवास सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

**डोर टू डोर कचरा उठाने का काम ठप, बेहाल शहरवासी**

## दुकानदार खुद कर रहे सफाई, गंदगी के कारण बीमारी फैलने का भी डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर में सोमवार को लगातार 11वें दिन भी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे। शहर पूरी तरह से कूड़े के ढेर में तबदील हो चुका है। नालियां कचरे से अवरूद्ध हो चुकी हैं। पहले हर सड़क, गली व मोहल्ले में पड़ा कूड़ा एक जगह जमा दिखाई देता था। अब उन सभी जगहों पर कूड़ा काफी दूर तक बिखरा पड़ा नजर आ रहा है। शहर का कोई ऐसा कट नही है जहां कचरे के ढेर न लगे हों। हडताल के चलते 1200 टन से अधिक कचरे का उठान नही हो पाया है। सफीदों गेट फायर ब्रिगेड के पास तो गंदगी का इतना बुरा हाल है कि आसपास दुकानदारों व वहां से गुजरने वाले लोगों को चक्कर तक आने लगते हैं। लोग खाली पड़े प्लाटों में कूड़े के ढेर लगा रहे हैं। बढ़ते कूड़े के ढेर से माहौल बदबूदार हो गया है। बाजार में कूड़े के ढेर बढ़ रहे हैं। ऐसे में अब लोगों का प्रशासन पर गुस्सा फूटने लगा है। पंजाबी बाजार, शिव चौक, सफीदों गेट, बत्तख चौक, पटियाला चौक पर हालात यह हैं कि कूड़े के पहाड़ दिखाई देने लगे हैं। बाजार में कई लोग खुद ही अपनी दुकानों के सामने लगे कूड़े के ढेर एकत्रित कर डंपिंग प्वाइंट पर फेंक कर आ रहे हैं। कुछ लोग दुकान व सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर से उठती बदबू से परेशान हैं। इन पर मच्छर व मक्खियां भी पनप रही हैं। जिससे बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। नप सफाई कर्मियों की हडताल के साथ ही डोर टू डोर कचरा उठाने का काम पूरी तरह से ठप हो चुका है। हालांकि नगर परिषद ने इसके लिए ठेका दिया हुआ है। बावजूद इसके कचरा उठाने का काम नही हो पा रहा है। हालत यह है कि शहर की गलियों और मुख्य सड़कों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। सड़कों पर बिखरा कचरा और उससे उठने वाली दुर्गंध ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। यूनियन के प्रधान सोहनदास ने कहा कि ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। उनकी मुख्य मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, डोर टू डोर कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये करना और ठेके के सफाई कर्मियों को विभागीय रोल पर लेना शामिल है। अगर उनकी जायज मांगें नहीं मानी तो इस हड़ताल को अनिश्चितकालीन घोषित कर दिया जाएगा।





### काली पट्टी लगा कर विरोध करें

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मिल बैठ कर समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए। शहर हमारा सबका है। बैठ कर कोई हल जरूर निकल सकता है। सफाई कर्मचारी इस प्रकार से न कर के काली पट्टी लगा कर विरोध करें। विदेशों में भी काली पट्टी लगा कर विरोध करते हैं और काम को रोकते नही है। मांगों का बैठ कर और बातचीत से ही हल निकलता है।

### पुलिस ने अभियान चला किए 97 वाहनों के चालान

**कैथल।** यातायात पुलिस ने 4 मई से 10 मई तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली लाइट इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 61, ध्वनि प्रदूषण करने का 2 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 34 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी।



राजौंद। वार्ड नंबर 7 में टूटी हुई पुलिया। फोटो :हरिभूमि

### टूटी पुलिया दे रही हादसों को निमंत्रण

**राजौंद।** नगर के वार्ड नंबर 7 में टूटी पुलिया क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। पुलिया को टूटे काफी समय बीत चुका है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अभी तक इसकी मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गली क्षेत्र की सबसे व्यस्त गलियों में से एक है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग और वाहन गुजरते हैं। पुलिया टूटने के कारण यहां से निकलना जोखिम भरा हो गया है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यह रास्ता जींद रोड और पेगा रोड को जोड़ता है, जिससे इसकी महत्ता और बढ़ जाती है। पुलिया खराब होने के चलते लोगों को करीब 2 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ रहा है। वार्ड वासियों ने कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला है। इससे लोगों में भारी रोष देखने को मिल रहा है।स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुलिया की मरम्मत नहीं करवाई गई, तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**जींद।** गांव भम्भेवा के निकट सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

मोतीहार बिहार निवासी अखिलेश राम (47) गांव भम्भेवा में मजदूरी करने आया हुआ था और खेतों में अपने साथियों के साथ रह रहा था। बीती रात सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें अखिलेश राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का अंजाम देकर चालक वाहन समेत फरार हो गया। गंभीर हालात में अखलेश को नागरिक अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष का कठोर कारावास

- अदालत ने 15 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने नाबालिग से छेड़छाड़ मामले में दोषी को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार शहर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने 16 मई 2025 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी से इम्पलॉयज कालोनी निवासी राजेश ने छेड़छाड़ की है। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर राजेश के खिलाफ धारा 8 पोक्सो एक्ट व धारा 74, 75 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। शहर थाना पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए राजेश को गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने राजेश को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

### बैंक अधिकारी बनकर युवक से 60 हजार ठगे

**कैथल।** साइबर ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर एक युवक से 60 हजार रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने क्रेडिट कार्ड चालू कराने का झांसा देकर मोबाइल पर लिंक भेजा और जानकारी भरवाने के बाद खाते से रकम निकाल ली। इसके बाद शिकायतकर्ता ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। फिर साइबर थाना पहुंच कर लिखित में शिकायत दी। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-19 पार्ट-2 हुड्डा निवासी अनमोल मेहन्दी रत्ता ने बताया कि वह राइस ट्रेडिंग और ब्रोकरेज का काम करता है। उसके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 18 मार्च को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को मुंबई के मलाड स्थित एक्सिस बैंक का कर्मचारी संजीव बताया था।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने सौंदर्यीकरण के लिए विशेष सौगात देने की घोषणा की

# लाखों के बजट से होगा जगदेव धर्मशाला का सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत स्थित जगदेव धर्मशाला में एक सप्ताह तक चली भगवान विश्वकर्मा महापुराण कथा का समापन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक मेलजोल के संदेश के साथ हुआ। यह धार्मिक आयोजन 36 बिरादरी को एकता के सूत्र में पिरोने और समाज में जनजागृति फैलाने का बड़ा मंच बनकर उभरा। कथा कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक परंपराओं का निर्वहन कथा वाचक दर्शन धीमान की देखरेख में किया गया। समापन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। नगर में पहुंचने पर महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों, युवा व बच्चों ने जिला अध्यक्ष का पुरजोर अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कलायत डीएसपी रोहतास कुमार मौजूद रहे। ज्योति सैनी ने भगवान विश्वकर्मा जी के चरणों में शीश नवाकर समाज की सुख-समृद्धि, भाईचारे और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति, संस्कारों और सामाजिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। ज्योति सैनी ने जगदेव धर्मशाला के सौंदर्यीकरण के लिए लाखों रुपये बजट से विशेष सौगात देने की घोषणा भी की। उन्होंने युवा पार्षद प्रीत जगदेव की अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य कथा कार्यक्रम के आयोजकों और संयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार महोत्सव की तरह इस आयोजन को सफल बनाया वह सराहनीय है।



कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी के साथ मौजूद गणमान्य लोग।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला सचिव अजय प्रताप राणा, मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन राणा, निर्मल पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति निदेशक अंकुर निर्मल, वरिष्ठ समाजसेवी धर्मपाल धीमान, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल, जगदेव धर्मशाला कमेटी प्रधान सुरेंद्र जगदेव, सतपाल धीमान, राजेश नायक, कुलदीप नायक, सतबीर नायक सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



राजौंद। गांव सेरधा में जाम में बैठी महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी की मांग उठाई

**राजौंद।** गांव सेरधा में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने राजौंद-पुंडरी मार्ग पर जाम लगा दिया। देर रात करीब 10 बजे एसडीएम संजय सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 2 बजे एक तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक अक्षय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की टांग टूट गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने गांव सेरधा में सड़क पर जाम लगा दिया और आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। मौके पर पहुंचे डीएसपी बीरभान ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन नहीं माने और जाम जारी रखा। इसके बाद देर रात एसडीएम संजय सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी और किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## खबर संक्षेप

### आर्ट ऑफ लिविंग के 45 साल होने पर सत्संग

**जींद।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के जन्मदिन एवं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा सदन में सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें शहर के बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भाग लिया। सत्संग के दौरान आराधनाए जैस्मिन और महावीर द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय एवं मधुर भजनों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते नजर आए पूरा माहौल आनंदमय बन गया।

### विधायक की करनी कथनी में अंतर नहीं

**उचाना।** नगर पालिका मनोनित पार्षद नरेश सौंगरी ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है। जो वायदे आमजन से किए थे उन वायदों को पूरा करने में लगे हुए है। ऐसा विधायक उचाना को पहली बार मिला है जो खुद जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनता हूॅं। विधायकों से मिलने के अब से पहले उचाना के लोगों को दिल्ली, चंडीगढ़ तक जाना पड़ता था। हजारों रुपए खर्च करने पड़ते थे। वहां जाकर लाइनों में लगना पड़ता था। मिलने के दौरान भी विधायक का मूड देखकर मिलना पड़ता था। सुबह घर से जाते थे देर रात घर वापिस आते थे।

### 19 लाख से अधिक कनक के बैगों का हो चुका उठान

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि गेहूं के सीजन में जो गेहूं खरीद को लेकर नए नियम बनाए गए थे उन नियमों से किसी तरह की परेशानी किसानों को नहीं हुई। खरीद प्रक्रिया से किसान पूरी तरह से खुश नजर आए। खरीद, उठान को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए। निरंतर उठान की रफ्तार बढ़ रही है। उचाना में अब तक 1997090 गेहूं के बैगों का उठान अब तक हो चुका है। काब्रच्छा में एचडब्ल्यूसी का उठान पूरा हो चुका है। धनखड़ी में 97 प्रतिशत, घोघड़िया में 99 प्रतिशत उठान हो चुका है। छात्तर सब यार्ड में हैफेड का उठान पूरा हो चुका है। खादय आपूर्ति विभाग का 95 प्रतिशत उठान हो चुका है।

### एबीवीपी विवि में सकोरा अभियान का आयोजन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद इकाई द्वारा विवि परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं जीव व जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देने हेतु सकोरा अभियान चलाया गया। भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में विवि प्रशासन, प्राध्यापकगण, जनप्रतिनिधियों एवं एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर सकोरे रखे गए तथा उनमें पानी भरकर पक्षियों के लिए राहत की व्यवस्था की गई।

### 110 लीटर लाहन सहित आरोपी काबू

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने 110 लीटर लाहन सहित एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। थाना उचाना के प्रभारी दिलबाग सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी एक टीम बस अड्डा उचाना कलां पर मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि उचाना कलां निवासी प्रदीप अपने खेत में अवैध शराब निकालने व बेचने का काम कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंची तो एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर वहां से भागने लगा। जिसे पीछा कर पुलिसकर्मियों ने काबू कर लिया।

### जन समस्याओं का शीघ्र समाधान के लिए निर्देश

**जींद।** जुलाना उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम होशियार सिंह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के आधार पर ध्यानपूर्वक सुनना और तय समय सीमा के भीतर उसका निपटान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# जींद में तीन साल में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में आई कमी

## वर्ष 2024 में 2218, वर्ष 2025 में 1834, वर्ष 2026 में अबतक 333 शिकायतें मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

समाज में आधुनिक्ता के साथ बढ़ रहे महिला अपराधों पर नकेल डालने के लिए पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान कारगर साबित हो रहे हैं। महिला सुरक्षा व उनके अधिकारों के लिए 24 घंटे तैयार महिला पुलिस महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध करवा रही है। जिला जींद पुलिस प्रशासन महिलाओ कि सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। वर्ष 2024 में जिला पुलिस को दहेज उत्पीडन, मारपीट, छेड़छाड़, अपरहण, बलात्कार आदि कि 2218 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें महिला पुलिस टीम के सहयोग से 1980 मामलों का



जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के बाहर तैनात दुर्गा शक्ति। फोटो :हरिभूमि

निदानकिया गया। वही गंभीर मामलों में पुलिस ने मामलें दर्ज कर अपराधियों को सलाखों के पिछे भेजने का काम किया। इसी प्रकार वर्ष 2025 में 1834 शिकायतें महिला विरुद्ध अपराधों कि शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिसमें 1709 शिकायतों को पचायंतों व आपसी भाईचारे के साथ निपटाया गया। वर्ष 2024-25 में महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों में लगभग 19 % की कमी आई। वर्ष 2026 में अबतक पुलिस विभाग को महिला विरुद्ध अपराधों की 379 शिकायतें मिली हैं। जिसमें से 333 शिकायतों का महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा निदान किया गया। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि महिलाओं कि सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग की महिला टीमें तैयार रहती हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर महिला पुलिस टीमों द्वारा स्कूल, कॉलेजों व पार्कों आदि में समय-समय पर गश्त करके मनचलों पर भी सख्त कार्रवाई अमल में लाती है। पुलिस प्रशासन द्वारा स्कूल, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन जागरुक्ता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिलाओं से मिलकर अधिकारों एंव सुरक्षा के बारे में जारगरुक कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि महिलाओं के अधिकारों व सुरक्षा को देखते हुए महिला थाना व हेल्पिंग डेस्क पर महिला पुलिस कर्मचारी व अधिकारियों कि तैनाती कि गई है ताकी पीड़ित महिला निरूसकोंच अपनी समस्या को बता सके। साइबर अपराध की सूचना नजदीकी पुलिस थाना या 1930 पर दें। पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में महिला अपराधों को कम करने व महिलाओं को जागरुक करने के लिए जिले के सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण सस्थांनो में महिला पुलिस टीम जागरुकता कार्यकर्मो का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष दो लाख से ज्यादा छात्राओं व महिलाओं को जागरुक किया जाता है। शिक्षण, संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस विभाग द्वारा महिला कानूनी अधिकारों व हैल्पलाइन नंबरों के पोस्टर लगाएं जा रहे हैं।

### महिला सुरक्षा के लिए इनसे मदद

181 महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर यह केंन्द्र सरकार द्वारा जारी किया गया है। डायल 112 भारत का आपातकालीन हैल्पलाइन नंबर है। जिसे पर एक कॉल करने पर कुछ ही मिनट में सहायता प्रदान कि जाती है। यह सरकार की इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम पहल का हिस्सा है। 112 इंडिया एप में महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष फीचर है, जो तत्काल सहायता के लिए पीड़ित के करीबी पंजीकृत स्वयंसेवकों को अलर्ट सक्षम करता है। दुर्गा शक्ति एप महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा जारी एप है। जिसको प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जाता है।

## जाजवान में स्वास्थ्यकर्मियों ने चलाया जागरूकता अभियान

# अपनी बेटियों को समय पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं अभिभावक

## नुक्कड़ सभाओं में ग्रामीणों को साफ-सफाई का महत्व भी बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत आने वाले गांव जाजवान में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाकर ग्रामीणों को मच्छरजनित बीमारियों व एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की तथा मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए साथ ही 14 वर्ष पूरे कर चुकी किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सके। टीम द्वारा जिन लोगों को बुखार की शिकायत मिली, उनकी रक्त पट्टिका तैयार कर जांच के लिए लैब में भेजी गई ताकि समय रहते मलेरिया जैसी बीमारियों की पुष्टि कर उपचार शुरू किया जा सके। स्वास्थ्यकर्मी सुशील शर्मा व सुनीता कुमारी ने बताया कि बरसात और गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसलिए इस समय विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। मलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है। इसके प्रमुख लक्षणों में ठंड लगना, तेज बुखार आना, गर्मी लगना, पसीना आना, शरीर टूटना, कमजोरी, सिर दर्द, उल्टी तथा बार-बार बुखार चढन्ना और उतरना शामिल हैं। यदि किसी व्यक्ति को ऐसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवानी चाहिए। समय पर जांच और इलाज से गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य टीम ने गांव में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को साफ.-सफाई के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। लोगों को बताया गया कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। क्योंकि जमा पानी में मच्छर पनपते हैं। कूलर, गमले, टंकियां और पुराने टायरों में जमा पानी को नियमित रूप से खाली करें। स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों से पूरी बाजू के कपड़े पहनने, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने तथा नीम के पत्तों का धुआं करने की अपील की। टीम ने यह भी कहा कि गांव की स्वच्छता ही मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण का सबसे बड़ा उपाय है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एक ऐसा संक्रमण है जो आगे चलकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। 14 वर्ष पूरे कर चुकी किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगवाना अत्यंत आवश्यक है। यह वैक्सीन भविष्य में कैंसर जैसी बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने में मददगार साबित होती है। कर्मियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को समय पर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।


जींद। दरियावाला में ग्रामीणों को जागरूक करते स्वास्थ्यर्मी। फोटो :हरिभूमि


जींद। पिंडारा में बुखार पीड़ितों के रक्त के सैंपल लेते स्वास्थ्यकर्मी।

### घर-घर जाकर किया प्रेरित

सुशील शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी लगातार गांवों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं ताकि मलेरिया, डेंगू और अन्य मौसमी बीमारियों पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सके। अभियान के दौरान आशा वर्करों ने भी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने, बुखार से पीड़ित मरीजों की जानकारी एकत्रित करने तथा किशोरियों को एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करने में योगदान दिया।

### रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत पिंडारा व असरफगढ़ गांव में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह की अगुवाहि में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने घर.घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया व पम्पलेट बांटे। उधर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत पिंडारा व अशरफगढ़ गांव में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह की अगुवाई में रैपिड फीवर मास सर्वे अभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया व पम्पलेट बांटे।


जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे प्राचार्य के साथ। फोटो :हरिभूमि

# सकीना ने प्रथम, पूर्वा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

■ छोटू राम किसान कालेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

छोटू राम किसान महाविद्यालय में मेंटल हेल्थ वेलनेस क्लब की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डा. जगबीर सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में आने वाली परीक्षा के तनाव को कम करना व मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि छात्रों को एक ऐसा मंच देना जहां वे बिना किसी झिझक या डर के अपनी भावनात्मक समस्याओं और चिंताओं को साझा कर सकें। यह केवल एक लेखन प्रतियोगिता नहीं है बल्कि छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। लिखने के लिए छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर गहराई से सोचना पड़ता है। इससे वे स्वयं के अनुभवों और भावनाओं का विश्लेषण कर पाते हैं। जब छात्र दूसरों के मानसिक संघर्षों जैसे अवसाद या चिंता पर विचार करते हैं तो उनके भीतर दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित होती है। छात्रों को यह समझ आता है कि मानसिक अस्वस्थता कोई कमजोरी नही बल्कि एक चिकित्सा स्थिति है, जिसका इलाज संभव है। कई छात्र मानसिक समस्याओं पर खुल कर बोल नही पाते। लेखन उन्हें अपनी बात, डर और उम्मीदों को बिना किसी झिझक के कागज पर उतारने का एक सुरक्षित माध्यम देता है। मेंटल हेल्थ वेलनेस क्लब के इंचार्ज डा. संजय खर्ब ने कहा कि जब पूरी कक्षा या कॉलेज इस प्रतियोगिता में भाग लेता है तो परिसर में मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत सामान्य हो जाती है। इससे शिक्षकों और प्रशासन को यह समझने में मदद मिलती है कि आज की पीढ़ी मानसिक तनाव से निपटने के लिए क्या सोचती है और उन्हें किस तरह के सहयोग की आवश्यकता है। जो छात्र इस विषय पर अच्छा लिखते हैं, वे भविष्य में क्लब के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवाज उठाने वाले बन सकते। इस प्रतियोगिता में सकीना ने प्रथम, पूर्वा ने द्वितीय और माफी व पूजा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## विधायक ने जाना कैबिनेट मंत्री पंवार का हालचाल


उचाना। सड़क दुर्घटना में घायल हुए कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार से मुलाकात कर उनका कुशलेक्षम जाना। अत्री ने कहा कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार के सड़क दुर्घटना में घायल होने की जानकारी मिलने के बाद उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। भगवान से जल्द उनके स्वस्थ होने की कामना की ताकि वो स्वस्थ होकर फिर से प्रदेश, जनहित में कार्य कर सकें। फोटो:हरिभूमि

### समाधान शिविर में आठ शिकायतों का निपटान

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में लगाए गए समाधान शिविर में आठ शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें तहसील कार्यालय से संबंधित चार, खंड विकास एवं पंचायत विभाग से दो तथा जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दो शिकायतें शामिल रही। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि समस्याओं का निदान मौके पर ही विभाग के अधिकारियों के माध्यम से करवाया जाता है। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि अपने विभाग से संबंधित लोगों की समस्याओं बारे पूरा ब्यौरा समाधान शिविर में लाएं और समस्या के समाधान उपरांत रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करें।

# पुस्तक प्रेमियों से प्रदर्शनी में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील

■ राजकीय कालेज में पठन व पाठन की रुचि बढ़ाने के लिए पुस्तक प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों में पठन प पाठन की रुचि बढ़ाने तथा ज्ञान संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्राचार्य सत्यवान मालिक की अध्यक्षता में 11 से 18 मई तक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में साहित्य, इतिहास, प्रतियोगी परीक्षाओं, जीवनी, सामाजिक विषयों, उपन्यासों एवं अन्य महत्वपूर्ण



विषयों से संबंधित पुरानी एवं उपयोगी पुस्तकों का विस्तृत संग्रह प्रदर्शित किया गया है। विद्यार्थियों एवं पुस्तक प्रेमियों की सुविधा के लिए पुस्तकों को आकर्षक रियायती दरों पर भी उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम की समन्वयन रितु रानी ने बताया कि पुस्तकें व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों में अध्ययन की आदत विकसित करने तथा ज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। प्रदर्शनी के प्रथम दिन विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इस पहल की सराहना की। यह प्रदर्शनी महाविद्यालय के गर्ल्स कॉमन रूम पोर्च में प्रतिदिन प्रातः दस बजे से दोपहर तीन बजे तक आयोजित होगी। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पुस्तक प्रेमियों से प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

## मौलिक शिक्षा विभाग ने जारी किया साप्ताहिक सीआरपी मॉड्यूल सप्ताह-5 (11 मई से 16 मई) तक

# गतिविधि आधारित शिक्षण योजनाएं बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने और बुनियादी दक्षताओं को मजबूत करने में प्रभावी साबित होंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मौलिक शिक्षा विभाग ने प्रदेशस्तर पर संचालित सीआरपी मॉड्यूल के अंतर्गत कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए सप्ताह-5 की शिक्षण योजना जारी की गई है। यह योजना 11 मई से 16 मई तक लागू रहेगी। इसमें हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण, भाषा विकास, गणना कौशल, पठन-पाठन क्षमता तथा व्यावहारिक अधिगम पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस साप्ताहिक योजना में विद्यार्थियों की


जींद। गतिविधियों में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

कक्षा-स्तरीय दक्षताओं को विकसित करने हेतु शिक्षक निर्देश, गतिविधि पत्रक, वीडियो लिंक तथा पाठ्यपुस्तक आधारित अ यास शामिल किए गए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जारी इस मॉड्यूल का उद्देश्य विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करना है। कक्षा पहली के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी विषय में चित्रों और अनुभवों के आधार पर छोटे वाक्य बोलने और समझने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया गया है। विद्यार्थियों को न वर्ण का सुदृढ़ीकरण तथा र वर्ण की पहचान और ध्वनि समझने का अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ ही चित्र देखकर सही वाक्य पहचानने की गतिविधियां भी कराई जाएंगी। गणित विषय में दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों और वस्तुओं के माध्यम से 1 से 9 तक की संख्या गणना का अभ्यास कराया जाएगा। विद्यार्थियों को खेल-आधारित गतिविधियों द्वारा सं याओं की समझ विकसित करने का अवसर मिलेगा। अंग्रेज़ी विषय में अक्षरों की पहचान, स्वयं के बारे में बोलना तथा सरल शब्दों के उच्चारण पर कार्य किया जाएगा। जिला एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति अपनाकर विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, जिन विद्यार्थियों ने कक्षा-स्तरीय दक्षता प्राप्त कर ली है, उन्हें एससीईआरटी द्वारा निर्धारित सामान्य पाठ्यक्रम भी पढ़ाया जाएगा। सीआरपी सप्ताह-5 की यह योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# किसान 15 के बाद करें धान की नर्सरी की बिजाई : डॉ. सुनील

■ नर्सरी की बिजाई से पूर्व किसान बीजोपचार जरूर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

कृषि विभाग के एसडीओ डा. सुनील दलाल ने बताया कि किसान 15 मई के बाद धान की नर्सरी की बिजाई कर सकते है। जबकि 15 जून के बाद किसान धान की रोपाई कर सकते है। उन्होंने कहा कि नर्सरी की बिजाई से पूर्व किसान बीजोपचार जरूर करें, ताकि बीजोपचार के अभाव में धान की फसल में आने वाले बकानी व बीएलबी सहित कई अन्य रोगों की रोकथाम की जा सके। जिससे फसल उत्पादन व गुणवत्ता को प्रभावित होने से बचाया जा सकता है। बीजोपचार नहीं करने से फसल में अधिक बीमारियां आने की संभावना बनी रहती है। किसानों से कृषि कार्य में प्रयुक्त किए जाने वाले भूमिगत जल को बचाने के लिए किसानों से डीएसआर विधि से धान की बिजाई करने की अपील की है, ताकि पानी के कम खर्च पर फसल की अच्छी पैदावार ली जा सके। दो जून के बाद किसान डीएसआर विधि से धान की सीधी बिजाई कर सकते है। डा. दलाल ने बताया कि फसल की गुणवत्तायुक्त अच्छी पैदावार लेने के लिए अच्छे बीज का होना आवश्यक है। किसान बाजार से महंगे दामों में मिलने वाले बीजों की खरीददारी करने की बजाय बीजोपचार कर घर के बीज की बिजाई कर सकते है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षण सामग्री वितरित कर दिया सकारात्मक संदेश

**गुहला-चीका।** गांव तारांवली स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में डॉ. शौंकी रामथली ने अपने बेटे पर्व का चौथा जन्मदिन अनोखे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया। स्कूल के बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री वितरित कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कॉपियां, पेंसिल, रबर सहित अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री बांटी गई। शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। बच्चों और स्कूल स्टाफ ने पर्व को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं।

### हड़ताली कर्मचारियों को नियमित करे सरकार

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव मण्डल ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि वह अग्नि शमन व नगर पालिका विभाग के हड़ताली कर्मचारियों से तत्काल वार्ता करके उनकी मांगों का समाधान करे। पार्टी के राज्य सचिव प्रेम चंद ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी करते कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी राज्य भर में 1 मई, से हड़ताल पर हैं अभी तक सरकार उनकी मांगों का कोई समाधान नहीं कर पाई है। गर्मी के इस मौसम में जगह -जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। ऐसे में मक्खी - मच्छर पनप रहे हैं और बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है।

### विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कैथल।** चीका थाना क्षेत्र से एक 22 साल की विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पति की शिकायत पर थाना चीका पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पति ने बताया कि 9 मई 2026 की सुबह करीब 8 बजे वह और उसके माता-पिता अपने-अपने काम पर चले गए थे। घर पर उसकी पत्नी कंचन अकेली थी। करीब 10 बजे उसकी मां घर लौटी तो दरवाजा बंद मिला।

### अमेरिका भेजने का झांसा देकर लाख की ठगी

**कैथल।** पट्टी अफगान के डेरा गरजा सिंह के व्यक्ति को अमेरिका भेजने का झांसा देकर 14 लाख की ठगी की ली। शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने 4 एजेंटों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने रुपये वापस मांगने पर उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और पासपोर्ट व बैंक चेक अपने पास रखा। पुलिस को दी शिकायत में गांव डेरा गरजा सिंह पट्टी अफगान निवासी अनूप सिंह ने बताया कि जनवरी 2024 में सुरेंद्र गुलाटी, गोल्डी सचदेवा, महेश उर्फ महेशी और सतबीर उसके घर आए थे।

### सरपंच एसोसिएशन ब्लॉक सीवन का गठन

**सीवन।** खंड सीवन के सभी सरपंचों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सरपंच एसोसिएशन ब्लॉक सीवन का गठन करते हुए नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में क्षेत्र के अनेक सरपंचों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर पंचायतों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## जीवीएच गुलियाना में किया एचएस-एफएमडी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

# पशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखना सामूहिक सामाजिक दायित्व

**लोगों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक में पशुओं का टीकाकरण करवाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। एडीसी डा. सुशील कुमार टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिले में पशुधन संरक्षण, दुग्ध उत्पादन वृद्धि एवं पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोमवार को 11वें एचएस-एफएमडी टीकाकरण अभियान का जीवीएच गुलियाना में विधिवत शुभारंभ किया। अभियान का शुभारंभ एडीसी डॉ. सुशील मलिक ने किया। इस मौके पर डिप्टी डायरेक्टर पशुपालन एवं डेयरी विभाग कैथल डॉ. सूर्य खटकड़ तथा एसडीओ पशुपालन एवं डेयरी विभाग कैथल डॉ. ओम प्रकाश ग्रोह, वेटरनरी सर्जन डॉ. पूनम राविश, वेटरनरी सर्जन डॉ. कृष्ण सोलारा एवं डॉ. प्रवेश खटकड़ मौजूद रहे। एडीसी डॉ. सुशील मलिक ने कहा कि पशुधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा पशुपालन आज किसानों एवं पशुपालकों की आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन चुका है। उन्होंने कहा कि पशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखना केवल पशुपालकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक दायित्व भी है। पशुपालकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पशुओं का समय पर टीकाकरण करवाकर इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

### निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं

एडीसी डॉ. सुशील मलिक ने कहा कि हरियाणा सरकार एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग प्रदेश के पशुधन को रोग मुक्त एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। सरकार द्वारा संचालित इस व्यापक टीकाकरण अभियान का उद्देश्य पशुओं को हेमोरेजिक सेप्टीसीमिया एवं फुट एंड माउथ डिजीज जैसी गंभीर एवं संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करना है, ताकि पशुपालकों को आर्थिक हानि से बचाया जा सके तथा दुग्ध उत्पादन क्षमता में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

### अर्थव्यवस्था की आधारशिला

एसडीओ डॉ. ओम प्रकाश ग्रोह ने कहा कि स्वस्थ पशुधन ही समृद्ध किसान एवं सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य केवल टीकाकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि पशुपालकों में जागरूकता बढ़ाकर वैज्ञानिक पशुपालन को प्रोत्साहित करना भी है।

### दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट

डिप्टी डायरेक्टर डॉ. सूर्य खटकड़ ने उपस्थित पशुपालकों को एचएस-एफएमडी रोगों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि फुट एंड माउथ डिजीज एक अत्यंत संक्रामक वायरल रोग है, जो मुख्य रूप से गाय, भैंस, बकरी एवं अन्य दुधारू पशुओं को प्रभावित करता है। इस रोग के कारण पशुओं में तेज बुखार, मुंह एवं खुरों में छाले, लंगड़ापन तथा दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि इस रोग से पशुपालकों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से गंभीर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

# सरकार ढांड-कौल मंडियों में ३.९० करोड़ से करवाएगी विकास कार्य : विजेंद्र मैहला

- विकास कार्यों से बदलेगी मंडी की तस्वीर, किसानों-आढ़तियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



ढांड। चेयरमैन अधिकारियों के साथ ढांड मंडी का निरीक्षण करते हुए।

प्रदेश सरकार द्वारा किसानों और आढ़तियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ढांड और कौल अनाज मंडियों के विकास के लिए लगभग 3 90 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में दोनों मंडियों में आधुनिक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कर दिए जाएंगे। चेयरमैन विजेंद्र मैहला ने बताया कि ढांड अनाज मंडी में करीब 2 करोड़ 44 लाख 31 हजार रुपये की लागत से आधुनिक शैड का निर्माण, लगभग 40 वर्ष पुरानी पेयजल पाइपलाइन को बदलने तथा मंडी की चारदीवारी की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। बनने वाले नए शैड की चौड़ाई लगभग 59 फुट और लंबाई 312 फुट होगी।

### अग्निशमन कर्मियों ने हड़ताल 14 तक बढ़ाई

**गुहला-चीका।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर अग्निशमन कर्मचारी संघ हरियाणा, ब्लॉक गुहला की हड़ताल सोमवार को 34वें दिन भी जारी रही। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता फायरमैन विजय सिंह ने की, जबकि मंच संचालन गुरदीप राम ने किया। फायरमैन विजय सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अब तक अग्निशमन कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ली है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि 9 मई को विभागीय मंत्री विपुल गोयल के साथ तीन दौर की वार्ता हुई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। इसके बाद सरकार की ओर से कर्मचारियों को बातचीत के लिए कोई निमंत्रण नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगें पूरी नहीं कीं तो आंदोलन को और तेज करते अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा।



गुहला चीका। 34वें दिन धरने पर बैठे अग्निशमन कर्मचारी।



कैथल। ज्योति सैनी जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया

**कैथल।** सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसे भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। महिलाओं में श्रद्धाभाव देखने को मिला। बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की अटूट आस्था, संघर्ष और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर ने हजारों वर्षों तक आक्रमणों और चुनौतियों का सामना किया, लेकिन अपनी आस्था को कभी टूटने नहीं दिया। आज जब हम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मना रहे हैं, तब हम केवल अतीत को याद नहीं कर रहे, बल्कि अपनी आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश भी दे रहे हैं कि हमारी संस्कृति और परंपराएं हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

# आरकेएसडी कॉलेज की एनसीसी इकाई ने मनाई ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पदाधिकारी।

आरकेएसडी. कॉलेज, कैथल की एनसीसी. इकाई ने 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी. कुरुक्षेत्र से प्राप्त निर्देशों के अनुसार लेफ्टिनेंट डॉ. रघबीर लाम्बा एवं लेफ्टिनेंट डॉ. रितु कंग के मार्गदर्शन में ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों एवं देशसेवा में योगदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके उपरांत नागरिक सुरक्षा व्यवस्था में एनसीसी. की भूमिका को उजागर करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया। कॉलेज प्रधान अश्वनी शोरेवाला, साकेत मंगल, प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल एवं प्रो. राजबीर पराशर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि एनसीसी. कैडेट्स राष्ट्रसेवा, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता के सशक्त प्रतीक हैं।

## न्यूज डायरी



### नवनिर्वाचित सरपंच को भाजपाइयों ने दी शुभकामनाएं

**सीवन।** पोलड़ की नवनिर्वाचित सरपंच अंजलि को भाजपा नेताओं ने शुभकामनाएं देते उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन शैली मुंजाल तथा महिला मोर्चा मंडल सीवन अध्यक्षा कृष्णा कश्यप ने गांव पहुंचकर सरपंच अंजलि से मुलाकात की और उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान गांव के कई गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि पंचायत स्तर पर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र को और मजबूत बना रही है। महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब पंचायतों और स्थानीय निकायों में देखने को मिल रहा है।



### समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं शिकायतें

**कैथल।** सोमवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एडीसी सुशील कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के निपटान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। समाधान शिविर में मुख्यतः शिकायतें परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां, अवैध कब्जे हटवाने, आधार कार्ड अपडेट, तथा कुछ शिकायतें जल आपूर्ति से संबंधित सामने आई। एडीसी ने एक-एक कर सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सूना तथा संबंधित विभागों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।



### मातृ शक्ति का सम्मान ही समाज की असली पहचान

**कैथल।** अग्रवाल युवा सभा कैथल महिला इकाई द्वारा मातृ दिवस कार्यक्रम अत्यंत भव्य, भावनात्मक एवं धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल युवा सभा कैथल के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ शक्ति का सम्मान, महिलाओं को सामाजिक मंच प्रदान करना एवं समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। गुप्ता ने कहा कि "मां केवल शब्द नहीं, बल्कि त्याग, प्रेम और संस्कारों की जीवंत प्रतिमा है। जिस समाज में मातृ शक्ति का सम्मान होता है, वही समाज निरंतर प्रगति करता है।उन्होंने कहा कि अग्रवाल युवा सभा कैथल लगातार महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।



### भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी गठित

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा पूंडरी द्वारा शपथ ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन एक निजी पैलेस में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जाम्बा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश गर्ग ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद शाखा पूंडरी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें विनोद बंसल को शाखा अध्यक्ष, रविकांत गर्ग को सचिव, राहुल सिडाना को वित्त सचिव, इंदु शर्मा को महिला सहभागिता प्रमुख, सुधीर वालिया को पर्यावरण प्रमुख, मनीष गुप्ता को संपर्क प्रमुख, नवीन टाया को सेवा प्रमुख तथा नरेश कुमार शर्मा को संस्कार प्रमुख नियुक्त किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अमित टाया को संगठन सचिव एवं निशु सिंगल को महिला सह-संयोजिका की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### शिविर में 120 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फ़तेहपुर पूंडरी द्वारा गवर्नमेंट कन्या स्कूल पूंडरी में अनीमिया चैकअप कैंप लगाया गया, इस कैम्प में लगभग 120 बच्चों का ब्लड चेक किया गया। हॉस्पिटल से परिषद सदस्य डॉ राहुल कौशिक, बबीता वालिया, संयोजक डॉ राजेश कुकरेजा, सारिका सेठी, डॉ. वनिता डलवानी ने बच्चों में एचबी लेवल कम होने के कारण व इसके निदान को भी बताया कि बच्चों को किन चीजों का परहेज़ करना चाहिए क्या खाना चाहिए। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनोद बंसल सचिव रविकान्त गर्ग कोषाध्यक्ष राहुल सिडाना, महिला संयोजिका इंदु शर्मा, निशु सिंगला, भावना मलिक, निधि मोहन और विद्यालय की ओर से से प्रधानाचार्य धर्म सिँह व नेहा मौजूद थे सभी बच्चों को रिफ्रेशमेंट दी गई व जिन बच्चों का एचबी लेवल कम था उनको गुड चने का वितरण भी किया गया।

### कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया

**ढांड।** बाबू अनंतग्राम जनता कॉलेज में विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कॉलेज के वाणिज्य विभाग, कॉमर्स एसोसिएशन एवं करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज के कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में श्रीराम जनरल इंश्योरेंस द्वारा मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव एवं असिस्टेंट मैनेजर पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों की नियुक्ति चंडीगढ़, अंबाला एवं यमुनानगर में की जाएगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आईटीआई में सेमिनार एवं प्रदर्शनी लगाई

# युवाओं से विज्ञान और नवाचार का सदुपयोग करने का आह्वान

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों का प्रतीक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद, पंचकूला के मार्गदर्शन में राजकीय आईटीआई कैथल के सभागार में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय सेमिनार, मॉडल प्रदर्शनी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआईपीआरओ कैथल नसीब सैनी मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश मच्छाल, प्रधानाचार्य एवं जिला युवा समन्वयक अधिकारी कैथल ने की।

सतीश मच्छाल ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 11 मई 1998 को पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षण ने भारत को विश्व के प्रमुख तकनीकी राष्ट्रों में स्थापित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष का थीम यंत्र-युगांतर फॉर एडवांसिंग न्यू टेक्नोलॉजी, रिसर्च एंड एक्सीलरेशन" नवाचार और तकनीकी विकास के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवाचारकों के योगदान ने देश को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया है और युवाओं को इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं से विज्ञान और नवाचार का सदुपयोग करने का आह्वान किया।

### ये रहे मौजूद

विशिष्ट अतिथि डीआईपीआरओ कैथल नसीब सैनी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान, परमाणु ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने युवाओं से तकनीकी शिक्षा एवं नवाचार को अपनाकर भारत को तकनीकी सुपरपॉवर बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी प्रदर्शनी, सेमिनार एवं नवाचार और तकनीकी विकास पर चर्चा आयोजित की गई। साथ ही तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान विशेषज्ञ के रूप में सहायक प्राचार्य डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज कैथल डॉ. रुपाली चुघ, सुशील कुमार जिला विज्ञान विशेषज्ञ तथा नरेश पंवार उपस्थित रहे। मंच संचालन रणधीर ढांडा, करियर मार्गदर्शन अनुदेशक द्वारा किया गया।

### गर्मी में गोवंश की देखभाल को लेकर दिए जरूरी निर्देश

**सीवन।** बाबा अमरनाथ गौ सेवा समिति पाबसर में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से गोवंश की देखभाल को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पशुओं को गर्मी से बचाने और उनके स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी दी गई। उपमंडल अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने गौशाला का निरीक्षण कर पशुओं के लिए स्वच्छ पानी, छाया और संतुलित आहार की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पशुओं की विशेष देखभाल जरूरी है तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच भी करवानी चाहिए।

**सूचना**

मैं, ललित कुमार पुत्र सुभाष चन्द गर्ग निवासी मकान नं 1217, ढांड रोड, सेक्टर 19, पार्ट 2, हुडा, कैथल (हरियाणा) अपना नाम ललित कुमार से बदलकर ललित कुमार गर्ग रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**सूचना**

मैं, रूबी सिंगला पत्नी ललित कुमार गर्ग निवासी मकान नं 1217, ढांड रोड, सेक्टर 19, पार्ट 2, हुडा, कैथल (हरियाणा) अपना नाम रूबी सिंगला से बदलकर रूबी गर्ग रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**खबर संक्षेप**

### एसपी की कार्यशैली से व्यापारियों में बढ़ा विश्वास

**जींद**। नरवाना में व्यापारी से रंगदारी मांगने वाले बदमाशों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाने पर हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने जींद के एसपी कुलदीप सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जींद पुलिस की त्वरित और सख्त कार्रवाई से जिले के व्यापारियों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत हुआ है। राजकुमार गोयल ने कहा कि नरवाना में व्यापारी नरेश जैन से हर महीने एक लाख रुपये की रंगदारी मांगना बेहद गंभीर मामला था।

### संगठन, संगठित में होती है ताकत : संजीव ढांडा

**उचाना**। नगर पालिका परिसर में चल रहे सफाई कर्मचारियों के धरने पर सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान संजीव ढांडा पहुंचे। सफाई कर्मचारी 11 दिनों, अग्निश्मन कर्मचारी 34 दिनों से लगातार अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे है। सफाई कर्मचारियों, अग्निश्मन कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से धरना नपा परिसर में दिया। ढांडा ने कहा कि किसी भी लड़ाई को संगठित होकर जीता जा सकता है। संगठित होकर संघर्ष करने पर सरकार को सभी मांगे माननी पड़ेगी। जो मांगे की जा रही है वो जायज मांगे है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित जो भी मांगे है उनको सरकार तुरंत प्रभाव से मानते हुए अधिकृत पत्र जारी करें। बिना संगठित हुए कोई भी लड़ाई नहीं जीती नहीं जा सकता है।

### राहुल गांधी ने सदभाव यात्रा की तारीफ की

**उचाना**। युवा कांग्रेस नेता कंवल सिंह डूमरखा ने कहा कि गुरूग्राम में सदभाव यात्रा के अंतिम चरण के पहले दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे बृजेंद्र सिंह, सदभाव यात्रा में शामिल होने वालों की जमकर तारीफ खुले मंच से की। राहुल गांधी के सदभाव यात्रा में शामिल होने के बाद अब यात्रा के खिलाफ बोलने के लिए किसी के पास कुछ नहीं बचा है। राहुल गांधी ने खुले मंच से स्पष्ट तौर पर कहा कि इस यात्रा को राष्ट्रीय कांग्रेस, हरियाणा कांग्रेस के साथ-साथ उनका (राहुल गांधी) पूरा समर्थन है। इस तरह की यात्रा निकालना हर किसी के बस की बात नहीं होता। सर्दी, बारिश, गर्मी के मौसम में निरंतर पैदल चलकर बृजेंद्र सिंह प्रदेश में सदभाव का संदेश दे रहे है।

### नाबालिग युवती से अश्लील हरकत, मां ने की हाथापाई

**जींद**। सदर थाना इलाका गांव में रात को घर में घुस कर नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत करने तथा पीड़िता की मां के साथ हाथापाई करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात गांव का ही अमन दीवार फांद कर घर में घुस आया और उसकी नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगा। उसकी बेटी द्वारा बचाव मे शोर मचाए जाने वह जाग गई और अमन को पकड़ लिया। आरोपित ने उसके साथ हाथापाई की और धमकी देते हुए छुड़वा कर फरार हो गया।

## जयंती देवी मंदिर परिसर में मनाया गया जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान

# सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, संस्कृति और साहस का प्रतीकः डॉ. कृष्ण मिड्ढा

■ शिव चोक से जयंती देवी मंदिर तक श्रद्धालु महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। कार्यक्रम में मौजूद डिप्टी स्पीकर, उचाना विधायक व अन्य। कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा निकालते हुए श्रद्धालु महिलाएं।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भगवान शिव का सोमनाथ ज्योतिर्लिंग भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रथम माना जाता है और यह केवल एक मंदिर नही बल्कि भारत की संस्कृति, चेतना, आस्था और साहस का जीवंत प्रतीक है। इतिहास में अनेक बार सोमनाथ मंदिर को तोडऩे और लूटने का प्रयास किया गया लेकिन हर बार यह मंदिर और अधिक दृढ़ता व स्वाभिमान के साथ पुनः खड़ा हुआ। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा सोमवार को जयंती देवी मंदिर परिसर में मनाए गए जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण केवल एक मंदिर पर नहींए बल्कि भारत की संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना पर हमला था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल तथा महान राष्ट्रवादी चिंतक केएम मुंशी ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का सपना साकार किया। आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल उत्सव नही बल्कि राष्ट्र गौरव और सांस्कृतिक विरासत से जुडऩे का संदेश देता है। सोमनाथ मंदिर हमें यह सिखाता है कि चाहे कितनी भी चुनोतियां आएंए हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति अटूट आस्था बनाए रखें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे पर्वों के आयोजन से लोगों में अपनी संस्कृति और विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पंहुचे उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन 11 जनवरी से 11 जनवरी 2027 तक पूरे वर्ष किया जाएगा। इस दौरान देशभर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष रेल यात्राओं का संचालन किया जा रहा हैए जिससे अधिकाधिक लोग सोमनाथ धाम के दर्शन कर सकें। इतिहास साक्षी है कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार आक्रमण हुए, उसे बार-बार तोड़ा गया लेकिन सनातन धर्म की आस्थाए संस्कार और आत्मबल को कोई नहीं तोड़ सका।

## सोमनाथ मंदिर भारत की सांस्कृतिक चेतना और पुनर्जागरण का प्रतीक : सतपाल जांबा

**कैथल**। सोमनाथ मंदिर के पुनःनिर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को ग्यारह रूद्री मंदिर परिसर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में डीसी अपराजिता, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, नगर परिषद चेयरमैन सुरभि गर्ग, पूर्व विधायक लीला राम तथा पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर विशेष रूप में मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने शिवालय में भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर सोमनाथ मंदिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पिहोवा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाइव संबोधन भी प्रसारित किया गया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, श्रद्धा, संस्कृति का महापर्व है। सोमनाथ मंदिर के



पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरा देश यह पर्व मना रहा है, जो 11 जनवरी 2027 तक चलेगा। यह राष्ट्रीय स्मरणोत्सव भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा देने का कार्य करेगा।



पूंडरी। डांस वर्कशाप में भाग लेती महिलाएं।

# मदर्स डे पर महिलाओं व बच्चों के लिए निःशुल्क डांस वर्कशॉप

■ एक किरण उम्मीद की संस्था ने दिया प्रतिभाओं को मंच, महिलाओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही एक किरण उम्मीद की संस्था द्वारा मदर्स डे के उपलक्ष्य में पंजाबी धर्मशाला पूंडरी में महिलाओं एवं बच्चों के लिए निःशुल्क डांस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए उत्साह और उमंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस विशेष वर्कशॉप में लगभग 45 महिलाओं एवं करीब 25 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को तनावमुक्त वातावरण प्रदान करना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना तथा मनोरंजन के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ना रहा। वर्कशॉप के दौरान कोरियोग्राफर विशाल ने प्रतिभागियों को विभिन्न आकर्षक डांस स्टेप्स सिखाए। संगीत की मधुर धुनों पर महिलाओं और बच्चों ने जमकर आनंद लिया तथा पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### केक काटकर मनाया मदर्स डे

संस्था की अध्यक्षा निधि मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि एक किरण उम्मीद की संस्था भविष्य में भी समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और महिलाओं-बेटियों के उत्थान के लिए लगातार कार्य करती रहेगी।

कार्यक्रम के समापन पर सभी ने मिलकर केक काटकर मदर्स डे की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर वंदना मित्तल, रजनी उप्पल, सीमा बाम्बा, माया, दीप्ति मित्तल, मेनका शर्मा सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# लंबित शिकायतों के निपटान में अनावश्यक देरी नहीं होगी सहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। 11 जे 19 समस्याएं सुनते हुए डीसी।

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त लंबित शिकायतों के निपटान में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करें। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो शिकायतें समाधान योग्य हैं, उनके निपटान में किसी प्रकार की देरी न की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों से एक-एक कर लंबित शिकायतों की विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### 14 को कैथल में निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**कैथल**। 14 मई को कैथल शहर में श्री गीता भवन मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा सके। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि शोभा यात्रा के दौरान जिन मार्गों से यात्रा गुजरेगी, उन रूटों पर वाहन चालक अपने वाहन लेकर ना जाएं तथा वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। शोभा यात्रा के दौरान संबंधित मार्गों पर ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा, जिसके लिए पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर सरस्वती विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी एवं संबोधित करते जिला युवा अधिकारी।

माई भारत कैथल द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान, तकनीक और नवाचार के महत्व से अवगत कराना तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा अधिकारी मोहित नेहरा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के इतिहास और महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि भारत तकनीकी क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नपालिका का अभियान हुआ तेज



पूंडरी में दुकानदारों को जुट के बैग देते हुए पालिका कर्मचारी।

**पूंडरी**। नगरपालिका पूंडरी द्वारा "नई सोच नया शहर स्वच्छ हरियाणा" अभियान के तहत शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पूंडरी शहर की विभिन्न बाजारों में दुकानदारों एवं आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जूट के बैग भी वितरित किए गए। अभियान के दौरान पालिका कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार तथा सफाई निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने दुकानदारों और नागरिकों को प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कपड़े और जूट के बैग का अधिक से अधिक प्रयोग करें ताकि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सके। सफाई निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि यह विशेष अभियान 1 मई से लगातार चलाया जा रहा है और 16 मई तक जारी रहेगा।

# बंगाल की जीत के बाद इंडिया गठबंधन में घबराहट : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत से इंडिया गठबंधन के लोगों में घबराहट पैदा हो चुकी है। वह इस तरह के बयान देकर झूठा प्रचार और देश को गुमराह करने में लगे हुए हैं। पश्चिम बंगाल में 15 साल से दीदी का राज था। भारतीय जनता पार्टी ने पूरी तरह से सुपड़ा साफ कर दिया है। अब देश के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का अपनी अपनी स्टेट में अलग-अलग चुनाव लड़कर पूरी तरह से बिखर जाएंगे। देश के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार करके भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित की है।

### राहुल गांधी लोगों से मांगें माफी



कंडेला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री किसान मजदूर गरीबों की मदद करके 36 बिरादरी के लोगों ने हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का काम किया है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान के नाम पर तरह-तरह के बयान देकर देश को गुमराह करने में लगे हुए हैं लेकिन इनकी बातों में किसी प्रकार का कोई ठोस दम नहीं रहा है। कंडेला ने कहा कि हरियाणा की सरकार जनता के आशीर्वाद से बनी है। जबकि राहुल गांधी ने हरियाणा की सरकार को घुसपैठिया बता कर हरियाणा के लोगों का अपमान किया है। इसलिए राहुल गांधी को हरियाणा के लोगों से माफी मांगनी चाहिए और उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। आने वाले पंजाब उत्तर प्रदेश के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर चल रही है।

# डिप्टी स्पीकर ने जमीन पर बैठकर सुनीं समस्याएं

**जींद**। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम के दौरान जयंती देवी मंदिर परिसर में उस समय एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिलाए जब डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा आम जनता के बीच जमीन पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनते नजर आए। उनकी यह सादगी और जनसेवा के प्रति समर्पण लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा अपने पिता ब्रह्मलीन डा. हरिचंद मिड्ढा के आदर्शों और संस्कारों पर चलते हुए लगातार समाज सेवा और जनहित के कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने हमेशा जनता के सुख व दुख को अपना समझा है और हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुनकर उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याएं डा. मिड्ढा के समक्ष रखी। डा. लाल मिड्ढा लगातार क्षेत्र के विकासख सामाजिक उत्थान और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सहयोग और जनकल्याण के क्षेत्र में उनके प्रयासों की लोग खुलकर सराहना कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डा. कृष्ण लाल मिड्ढा की सरलता और जनसेवा की भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधि समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो बिना किसी भेदभाव के हर व्यक्ति की बात सुनते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

### स्वभाव से ही व्यक्ति का प्रभाव झलकता है : भारतेंदु

**उचाना**। राधा-कृष्ण प्राचीन मंदिर पुजारी भारतेंदु शांडिल्य ने कहा कि स्वभाव में ही किसी व्यक्ति का प्रभाव झलकता है महान व्यक्तित्व की अपनी एक विशिष्टता होती है जिस प्रकार कस्तूरी की पहचान उसकी सुगंधी से होती है,उसी प्रकार व्यक्तित्व की भी अपनी एक सुगंधी होती है, जिसे बताया अथवा दिखाया नहीं जा सकता केवल महसूस किया जा सकता है। व्यक्तित्व की भी अपनी भाषा होती है जो कलम या जिह्वा के प्रयोग के बिना भी लोगों के अंतर्मन को छू जाती है। उन्होंने कहा कि सिंहासन पर बैठकर व्यक्तित्व महान नहीं बनता अपितु महान व्यक्तित्व एक दिन जन-जन के हृदय सिंहासन पर अवश्य बैठ जाता है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## विश्व नर्स दिवस विशेषः स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचा रही

# नागरिक अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बनी आइडियल

■ ट्रस्ट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना : मनीषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



नर्सिंग आफिसर मनीषा बरसाना।

मानव सेवा और मानवता की सेवा के उद्देश्य को लेकर नर्सिंग प्रोफेशन को चुना। मात्र और मात्र एक ही उद्देश्य था कि वो ग्रामीण क्षेत्र तक स्वास्थ्य सुविधाएं ग्रामीणों को उपलब्ध करवा सकें। उनका गांव बरसाना एप्रोच रोड पर है, जहां व्हीकल का आवागमन कम होता है। वो नर्स बनी तो उनके गांव के ही नही बल्कि आसपास के लोग भी उनके पास दवा लेने आने लगा। उन्हें हौंसला मिला और उन्होंने श्रीराम चंद्र बिमला मैमोरियल ट्रस्ट बनाने का निर्णय लिया। ट्रस्ट का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों व दूर दराज के लोगों को हरसंभव स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। यह कहना है जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना का। मनीषा सरकारी और गैर सरकारी 200 से अधिक सामाजिक संस्थाओं से सम्मानित हो चुकी हैं।

### मानवता की सेवा के उद्देश्य से मनीषा ने चुना नर्सिंग प्रोफेशन

मनीषा बरसाना ने बताया कि बचपन से ही मानव सेवा और मानवता की सेवा का भाव उनके मन में था। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने नर्सिंग प्रोफेशन को चुना। आठ साल पहले उनकी नियुक्ति नागरिक अस्पताल में हुई। उन्होंने नर्सिंग को केवल एक पेशा नही बल्कि सेवा का धर्म समझा। हर पीड़ित चेहरे पर मुस्कान लाना ही लक्ष्य : मनीषा नर्सिंग ऑफिसर मनीषा ने कहा कि हर पीड़ित चेहरे पर मुस्कान लाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिएए। अपनी ड्यूटी के दौरान वे गंभीर मरीजों की देखभाल के साथ-साथ गरीब परिवारों के लिए दवाइयों, जांच और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाती हैं। उनके प्रयासों से कई जरूरतमंद मरीज समय पर उचित इलाज प्राप्त कर स्वस्थ हो चुके हैं। मनीषा की दूरदर्शिता केवल अस्पताल तक सीमित नहीं है।

### माता-पिता ने सेवा और त्याग की सीख दी

ट्रस्ट के नामकरण पर मनीषा ने बताया कि उनके पिता श्रीराम चंद्र और माता बिमला देवी ने उन्हें सेवा और त्याग की सीख दी। उनकी स्मृति में शुरू किया जा रहा यह ट्रस्ट उनके सपनों को पूरा करने का माध्यम बनेगा। विश्व नर्स दिवस पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती मनाई जाती है, जो नर्सिंग सेवा की प्रतीक हैं। मनीषा बरसाना जैसे समर्पित नर्स इस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं।

### जनगणना के नाम पर ठगी से रहें सावधान

**कैथल**। जिला पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि वर्तमान समय में जनगणना प्रक्रिया को लेकर साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। ठग विभिन्न तरीकों से लोगों को फोन कॉल, मैसेज अथवा सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए अपने जाल में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है। एसपी ने बताया कि कई मामलों में साइबर अपराधी स्वयं को सरकारी कर्मचारी, जनगणना अधिकारी अथवा बैंक प्रतिनिधि बताकर लोगों से संपर्क करते हैं। इसके बाद वे आधार नंबर, बैंक खाता जानकारी, एटीएम कार्ड विवरण, ओटीपी तथा अन्य निजी जानकारी मांगते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी जनगणना प्रक्रिया में नागरिकों से बैंक खाते की जानकारी या मोबाइल पर आए ओटीपी की मांग नहीं की जाती।